
the pioneer

LUCKNOW, SATURDAY NOVEMBER 16, 2019;

# Students asked to learn new skills

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI



UP Minister for Sugarcane Development Suresh Rana inaugurating the function in Varanasi on Friday. *Pioneer*

School of Management Sciences (SMS) celebrated its silver jubilee 'Adharshila' with great zeal and enthusiasm. While inaugurating the celebrations, the UP Minister for Sugarcane Development and Sugar Mills Suresh Rana, who was chief guest on the occasion, called upon the students to learn lessons of patriotism and nationalism from the lives of martyrs Bhagat Singh and Ram Prasad Bismil. The minister was of the view that SMS was not only providing job-oriented education but also making entrepreneurs who subsequently would provide employment to many. He said that the best role model of management in contemporary India was our Prime Minister Narendra Modi. In his presidential remark, UP Minister of state for Stamp and Court Fees, Registration (independent charge) Ravindra Jaiswal, who was the guest of honour, said that the institute had reached such heights due to the dedication and commitment of its students and teachers. He asked the students to learn new skills and techniques and implement them in their day to day lives too. He said that the institute had given many competent managers to the industry. He was of the view that without skill and self confidence, degree did not have carry any value.

Vice-Chancellor of Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth (MGKV), Prof TN Singh, who was the other guest of honour, while expressing his delight over the successful completion of 25 years of the institute said that since its many courses were affiliated to his university therefore he was emotionally attached to it. The SMS had qualified all parameters of quality education and has been able to provide 100 per cent placement. He further added that in this competitive world not only degree but skill, competence and knowledge development were needed to meet challenges of the future.

MLA from Rohania Surendra Narayan Singh asked the students to become better human beings and serve the motherland with full passion and commitment. Earlier while welcoming the guests, SMS director Prof PN Jha called the foundation day as a historic moment for all the members of SMS family. Prof Jha paying tributes to management stalwart late Prof Mukund Lal, founder director of SMS, said that his vision had ultimately paid rich dividends. Later MGKV V-C felicitated those SMS students who bagged university ranks in their examination. The awardees were BCom- Aditya Raj Singh (first rank), BBA- Akansha Patel (second rank), Khushboo Yadav (fourth rank), Divya Upadhyaya (fifth rank), Harshita Banka (tenth rank), BCA- Vishal Gupta (second rank), Anjali Srivastava (sixth rank), Akanshka Srivastava (seventh rank) and Ashutosh Kumar Mishra (eighth rank). The inaugural session was conducted by convener 'Adharshila' Dr Pallavi Pathak who also proposed the vote of thanks. Executive secretary of SMS Dr MP Singh felicitated the guests by presenting them mementos. Chairman Prof SK Singh, registrar Sanjay Gupta and many others were also present on the occasion.

पायनियर

लखनऊ, शनिवार, 16 नवंबर, 2019

# एसएमएस भारत के अग्रणी मैनेजमेन्ट संस्थानों में से एक : कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**स्कूल ऑफ** मैनेजमेन्ट साइन्सेस (एस.एम.एस.) ने काशी में अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर लिये। संस्थान द्वारा इस अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह 'आधारशिला' का आयोजन किया गया। एसएमएस यूजीसी के नैक द्वारा "ए" श्रेणी प्रदत्त प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थान है। एसएमएस की गणना देश के 50 सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थानों में होती है। विभिन्न शैक्षणिक कोर्सों में 2500 से अधिक विद्यार्थी अपनी ज्ञानार्जन करते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार सुरेश राणा ने संस्थान के रजत जयंती समारोह पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत से प्रतिभाशाली हस्ती जो पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं वो एस.एम.एस. के ही छात्र रहे हैं। निश्चित ही एक दिन एस.एम.एस. भारत वर्ष के सबसे अग्रणी मैनेजमेन्ट संस्थानों में से एक होगा एवं भारत को विश्वगुरू पथ पर ले जाने में महत्वपर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रभक्ति का पाठ शहीद भगत सिंह व राम प्रसाद बिस्मिल के जीवन दर्शन से सीखने का आवाहन किया। अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुये विशिष्ट अतिथि, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उप्र सरकार,रविन्द्र जायसवाल ने स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुये कहा कि एस.एम.एस का 25 साल का स्वर्णिम इतिहास रहा है। और इस यात्रा में एस.एम.एस. ने भारत के अनेक उद्योगपतियों को कौशल क्षमता से युक्त प्रबन्धक दिये हैं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी प्रो. टी.एन. सिंह ने संस्थान के कई पाठ्यक्रम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध है अतएवं वह भावनात्मक रूप से भी इस संस्थान से जुड़े हुए हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद एसएमएस ने सफलता के जिस मुकाम को स्पर्श किया है वह अन्य सभी संस्थानों के लिये अनुकरणीय है। प्रो. सिंह ने छात्रों से जिज्ञासु प्रवृत्ति का होने का आवाह्न किया। एस.एम.एस. ने शिक्षा की गुणवत्ता सम्बन्धित सभी मानकों को पूरा करते हुये शत-प्रतिशत रोजगार उप्लब्ध कराने में सफ्ल रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में न केवल डिग्री अपितु कौशल, योग्यता एवं क्षमता के विकास से ही भविष्य के चुनौतियों का सामना सफ्लतापूर्वक किया जा सकता हैं। समारोह में विशिष्टजनों का एस.एम.एस. में स्वागत करते हुये संस्थान के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि संस्थान के 25गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने का ये क्षण ऐतिहासिक है तथा एस.एम.एस. परिवार के लिये एक सुखद अनुभूति है।

# दैनिक जागरण

वाराणसी, 16 नवंबर 2019

# किसी के दिल की मायूसी जहां से होके गुजरी है...

जागरण संवाददाता, वाराणसी : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस की रजत जयंती पर शुक्रवार की शाम मशहूर कवि कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं एवं गीतों के माध्यम से समा बांध दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की मनोदशा को अपनी कविताओं के माध्यम से बयां किया। जब उन्होंने 'कोई दिवाना कहता है, कोई पागल...' कविता शुरू की तो उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक रोमांचित हो उठे।

दर्शक दीर्घा करतल ध्वनित से गुंजायमान होती रही। विश्वास ने जब 'किसी के दिल की मायूसी जहां से होके गुजरी है, हमारी सारी चालाकी वहीं पर खोके गुजरी है'। गीत से छात्राओं को हंसाया। इसके बाद उन्होंने 'तुम्हारी और मेरी रात में बस फर्क इतना है, तुम्हारी सोके गुजरी है, हमारी रोके गुजरी है' कविता पढ़ी तो खासकर युवतियां झूम उठीं। साथ ही कुमार ने समसामयिक विषयों के साथ आज की युवा पीढ़ी



समारोह के दौरान कविता प्रस्तुत करते कुमार विश्वास ● जागरण

व छात्राओं को समर्पित कई कविताएं प्रस्तुत की। वीर रस की कविताओं ने उन्होंने शाम से शुरू रात तक चलने वाले वाले इस आयोजन में गर्माहट भर दी साथ ही युवाओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। कुमार विश्वास ने अपनी नवीन रचनाओं से भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

## यूपी बनेगा देश का सबसे अधिक एथेनॉल आपूर्तिकर्ता

जागरण संवाददाता, वाराणसी : उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक एथेनॉल का आपूर्तिकर्ता बनेगा। इसके लिए गोरखपुर के पिपराईच में 800 करोड़ की लागत से आधुनिक चीनी मिल बनकर तैयार है। इसकी क्षमता 5000 टीसीडी (टन्स ऑफ कैन पर डे) है। मिल से निकलने वाली मिथेन से 27 मेगावट बिजली का उत्पादन होगा। पिपराईच के साथ ही बस्ती जिले के मुंडेरवा में भी बनी चीनी मिल का लोकार्पण इसी माह होने वाला है। शुक्रवार को स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंस के रजत जयंती समारोह में बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा यह बात कही। राणा ने पूर्व की सपा सरकार पर भी हमला बोला। कहा कि पूर्व की सरकारों द्वारा किए गए घोटालों एवं मनमानी के कारण 29 मिलें बंद होने से गन्ना किसानों की कमर टूट गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी



एसएमएस के समारोह में बोलते प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ● जागरण

आदित्यनाथ के निर्देशन में गन्ना किसानों की स्थिति अब सुधारी जा रहा है।

**17 को पिपराईच चीनी मिल का लोकार्पण**: राणा ने बताया कि आने वाले समय में पूर्वांचल भी चीनी एवं एथेनॉल उत्पादन का हब बनेगा। कारण कि यह पेट्रोल का विकल्प बनने वाला है। गोरखपुर के पिपराईच मिल का 17 को एवं बस्ती के मुंडेरवा चीनी मिल का लोकार्पण 21 नवंबर को होगा। 80 हेक्टेयर गन्ना उत्पादन का लक्ष्य राणा ने बताया कि केंद्र ने प्रदेश को 80 टन प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन का लक्ष्य दिया है। इसमें से 66 टन प्रति हेक्टेयर गन्ने का उत्पादन होने लगा है। प्रति वर्ष 81 हजार लीटर एथेनॉल आपूर्ति को भी पूरा करने का लक्ष्य है। राणा ने दावा किया कि 2022 तक प्रदेश में बंद सभी चीनी मिलें शुरू हो जाएंगी। मोदी एवं योगी के नेतृत्व में इसका ब्लू प्रिंट तैयार हो रहा है।

## एसएमएस ने मनाया रजत जयंती समारोह

वाराणसी : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) ने शुक्रवार को अपना 25वें स्थापना दिवस को 'आधारशिला' जयंती समारोह के रूप में मनाया। संस्थान को यूजीसी नैक से ए श्रेणी प्रदत्त प्रबंधन एवं तकनीकी प्रमाण पत्र प्राप्त है। प्रबंधन ने दावा किया कि संस्थान देश के 50 सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शामिल हैं। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि बेहतर मैनेजमेंट संस्थान ही भारत को विश्व गुरु बनने के पथ पर ले जाएंगे। इसमें एसएमएस बेहतर भूमिका निभाएगा। युवाओं से कहा कि उनको पीएम मोदी से बेहतर प्रबंधन सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश-प्रदेश के लिए बेहतर प्रबंधन दिखाया है। मोदी और शाह ने 70 वर्षों से जम्मू-कश्मीर ही नहीं, पूरे हिंदुस्तान के लिए नासूर बने धारा 370 को एक झटके में उखाड़ फेंका। इसमें भी बेहतर प्रबंधन ही था जिससे सब कुछ शांति एवं सौहार्द से निपट गया। राणा ने मैनेजमेंट के छात्रों से कहा कि सैकड़ों साल के विवाद को खत्म करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जब अयोध्या पर फैसला सुनाया तो यहां योगी का बेहतर मैनेजमेंट दिखा। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि एसएमएस पूर्वांचल के उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि भारत में नौकरियों की नहीं बल्कि अच्छे लोगों की कमी है। विद्यार्थी में बेहतर स्किल व अनुभव है तो कंपनियां ढूंढकर नौकरी देंगी। विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, निदेशक प्रो. पीएन झा, अधिशासी सचिव डा. एमपी सिंह, चेयरमैन एसके सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता आदि थे। संचालन डा. पल्लवी पाठक ने किया। शाम को मशहूर कवि कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं एवं गीतों के माध्यम से समा बांध दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की मनोदशा को अपनी कविताओं के माध्यम से बयां किया। उन्होंने 'कोई दिवाना कहता है...' कविता शुरू की तो उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक रोमांचित हो उठे।

हिन्दुस्तान
शनिवार, 16 नवंबर 2019, वाराणसी,

# चहकीं कविता की शोखियां तो शब्दबाण भी खूब चले

एसएमएस

रोहनिया | हिन्दुस्तान संवाद

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस (एसएमएस) के सभागार में शुक्रवार की शाम कभी कविता की शोखियां चहकतीं तो कभी हास्य-व्यंग्य के शब्दबाण चलते रहे। मौका था एसएमएस के स्थापना दिवस समारोह का। मंच पर मौजूद थे लोकप्रिय कवि कुमार विश्वास। कुमार विश्वास ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कविताएं और गीत सुना कर मन मोह लिया।

उन्होंने अपनी कविता की शुरूआत वहीं अपने पुराने और प्रसिद्ध कविता 'कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है मगर धरती की बेचैनी को बस बादल समझता है', आगे लोगों को हंसाते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि यह बनारस की धरती है यहां से जो जीतकर जाता है वह पीएम बन जाता है। ... जो हार कर जाता है वह सीएम बन जाता है। इसके बाद उन्होंने अपनी कई चर्चित गीत सुनाए। किसी के दिल की मायूसी जहां से होकर गुजरी है हमारी सारी चलाकी वहां से होकर गुजरी है..., मोहब्बत एक एहसासों की पावन कहानी है कभी कबीरा दीवाना था कभी मीरा दीवानी थी,...यहां सब लोग कहते हैं मेरी आंखों में आंसू है जो तुम समझो तो मोती है ना समझे तो पानी है...। बीच-बीच में कुमार विश्वास ने खूब चुटकुले भी सुनाए। पूरा पंडाल कई बार तालियों से गूंजता रहा।





एसएमएस के स्थापना दिवस समारोह में शुक्रवार को काव्यपाठ करते सुप्रसिद्ध कवि डा. कुमार विश्वास। वहीं, एक छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा।

स्थापना दिवस और रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मैनेजमेंट का गुर सीखना चाहिए। प्रधानमंत्री नेशन फर्स्ट की बात करते हैं राष्ट्र का चिंतन करते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, रोहनियां के विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह और काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर टीएन सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। निदेशक प्रोफेसर पीएन झा ने अतिथियों का स्वागत किया। सोसाइटी के अधिशासी सचिव डॉ एमपी सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

दैनिक जागरण
inext
Varanasi, 16 November 2019

# 'आधारशिला' में कुमार विश्वास ने जमाया रंग

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में मनाया गया रजत जयंती समारोह



दीप जलाकर समारोह का किया इनॉगरेशन.

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (15 Nov.):** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में शुक्रवार को रजत जयंती समारोह आधारशिला का आयोजन किया गया. इस मौके पर जहां टीचर्स को सम्मानित किया गया वहीं, कल्चरल प्रोग्राम भी हुए. कार्यक्रम में चार चांद प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने. उनके गीत, गजल कविताओं को स्टूडेंट्स ने खूब इंज्वॉय किया. इसके पहले कार्यक्रम का इनॉगरेशन चीफ गेस्ट कैबिनेट मिनिस्टर सुरेश राणा ने किया. अध्यक्षता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने की. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि काशी विद्यापीठ के वीसी प्रो. टीएन सिंह रहे. संस्थान के डायरेक्टर प्रो. पीएन झा ने गेस्ट्स का वेलकम करते हुए कहा कि संस्था के 25 साल पूरे होने पर एसएमएस परिवार सुखद अनुभूति कर रहा है. कहा कि हमारा प्रयास रहा है कि स्टूडेंट्स को बेहतर माहौल में मौलिक चीजें सिखाई जाए. इस मौके पर अन्तरमहाविद्यालीय प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. इसमें एकल गायन, डांस, बिजनेस क्विज, अंत्याक्षरी, पोस्टर एंड ऐड मेकिंग, कृत्रिम संसद प्रतियोगिता व रंगोली हुई. इसमें कई कॉलेज के स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया. प्रोग्राम का संचालन डॉ. पल्लवी पाठक ने किया. इस मौके पर चेयरमैन डॉ एसके सिंह, डॉ. एमपी सिंह, संजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

राष्ट्रीय सहारा
शनिवार • 16 नवम्बर • 2019

# एसएमएस ने मनाया स्थापना का रजत जयंती समारोह

**वाराणसी (एसएनबी)**। स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेस ने अपने स्थापना दिवस का रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जिसमें सात प्रतियोगी स्पर्धाओं में 22 संस्थानों की भागीदारी रही। वहीं म्युजिकल नाईट में डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं का जादू चलाया और खूब तालियां बटोरी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि एसएमएस न सिर्फ उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा है बल्कि युवाओं को उद्यमी बनकर लोगों को रोजगार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षीय संबोधन में राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि एसएमएस ने इस मानसिकता को दूर कर दिया है कि 'पूर्वांचल में उत्कृष्ट रोजगारपरक शिक्षा नहीं मिल सकती'। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि हमें हर्ष है कि एसएमएस काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध है। इस संस्थान ने गुणवत्ता के मानकों को पूरा करते हुए शत



प्रतिशत रोजगार उपलब्ध करा रहा है। वहीं रोहनिया के विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि अनुशासन व व्यवस्था देखकर संस्थान की गुणवत्ता का पता चलता है। विशिष्टजनों का स्वागत करते हुए एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि संस्थान के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने का यह क्षण ऐतिहासिक है। उन्होने कहा कि एसएमएस ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनायी है। इस दौरान प्रो.झा ने संस्थापक निदेशक स्व. प्रो.मुकुन्द लाल को नमन करते हुए कहा कि उनके आत्मविश्वास व दूर दृष्टी से संस्थान आज इन ऊंचाईयों तक पहुंचा है। इस दौरान प्रो.टीएन सिंह ने विश्वविद्यालय के शीर्ष दस सूची में स्थान पाने वाले एसएमएस के छात्रों को सम्मानित किया। सचालन व धन्यवाद आधारशीला की समन्वयक डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। अंत में एसएमएस सोसाइटी के अधिशासी सचिव डॉ. एमपी सिंह ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में पिछले दशक से दो दशक तक कार्य करने वाले कुछ विशेष कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान चेयरमैन एसके सिंह, कुलसचिव संजय गुप्ता भी मौजूद रहे।

वाराणसी, शनिवार, 16 नवम्बर, 2019

जनसंदेश टाइम्स



## एसएमएस का रजत जयंती समारोह

**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइन्सेस (एसएमएस) ने काशी में अपनी स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर लिये। संस्थान द्वारा इस अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह आधारशिला का आयोजन किया गया। एसएमएस यूजीसी के नैक द्वारा ए श्रेणी प्रदत्त प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थान है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सुरेश राणा ने कहा कि बहुत से प्रतिभाशाली हस्ती जो पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं वो एसएमएस के ही छात्र रहे हैं। इस अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद एसएमएस ने सफलता के जिस मुकाम को स्पर्श किया वह अन्य सभी संस्थानों के लिए अनुकरणीय है।

अमर उजाला
SELECT
वाराणसी । शनिवार । 16 नवंबर 2019

# देश के प्रधानमंत्री से प्रबंधन सीखें छात्र : सुरेश राणा

## कैबिनेट मंत्री ने छात्रों से देश निर्माण में सहयोग का किया आह्वान

रोहनिया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की ओर से रजत जयंती समारोह आधारशिला शुक्रवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि छात्रों को राष्ट्रभक्ति का पाठ शहीद भगत सिंह और राम प्रसाद बिस्मिल के जीवन से सीखें। प्रबंधन सीखना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीखना चाहिए। उन्होंने जिस तरह से देश निर्माण में प्रबंधन का सुनियोजित इस्तेमाल किया है वह अनुकरणीय है।

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वह देश के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहें। सफल उद्यमी बनकर लोगों को रोजगार देकर देश के विकास को गति प्रदान करें।

विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री रविंद्र जासयवाल ने कहा कि एसएमएस ने देश के अनेक उद्योगपतियों को कौशल क्षमता से युक्त प्रबंधक दिए हैं। पूर्वांचल में उत्कृष्ट रोजगार परक शिक्षा नहीं मिल सकती, इस मानसिकता को बदलते हुए प्रबंधन एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में केवल डिग्री ही नहीं कौशल, योग्यता एवं क्षमता के विकास से ही भविष्य की चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

इस अवसर पर रोहनिया विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने छात्रों से अच्छे विद्यार्थी के साथ अच्छा नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया।

अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। अतिथियों को डॉ. एमपी सिंह ने सम्मानित किया।

**कर्मचारियों को किया सम्मानितः** एसएमएस की ओर से संस्थान को सेवा देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसमें 10 से 20 साल तक संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों को शामिल किया गया।

### स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज का रजत जयंती समारोह

### टॉप टेन छात्रों को किया सम्मानित

इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले एसएमएस के छात्रों को सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में आदित्य राज सिंह, आकांक्षा पटेल, खुशबू यादव, दिव्या उपाध्याय, हर्षिता बंका, विशाल गुप्ता, अंजली श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार मिश्रा शामिल रहे।



एसएमएस के स्थापना दिवस पर काव्य पाठ करते कुमार विश्वास।

## तुम्हारे ख्वाब में आने की हसरत ...

वाराणसी। युवाओं के दिल की धड़कन कवि कुमार विश्वास मंच पर हों तो महफिल खुद ब खुद जम जाती है। रोहनिया स्थित स्कूल मैनेजमेंट साइंसेज के स्थापना दिवस समारोह आधारशिला को कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से यादगार बना दिया। महफिल में प्यार की कशिश थी तो ठहाका लगाने के लिए बेहतरीन हास्य व्यंग्य भी भरपूर था। राजनीति तंज पर युवाओं ने जमकर तालियां बजाईं तो रूमानी रचनाओं ने दिल के हर कोने को छू लिया। शुक्रवार को कुमार विश्वास ने जब इश्क की खूशबू में भीगी हुई रूमानी कविता तुम्हारे ख्वाब में आने की हसरत आज भी है पर सुना है द्वार पर पलकों के पहरेदार बैठे हैं...सुनाई तो पूरा हाल तालियों से भर गया। उन्होंने जब किसी के दिल की मायूसी जहां से होके गुजरी है, हमारी सारी चालाकी वहीं पर खोकर गुजरी है...सुनाई तो युवाओं का उत्साह चरम पर था। कुमार विश्वास ने अपनी मशहूर कविता कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है सुनाई तो मौके पर मौजूद हर शख्स उनकी आवाज से आवाज मिलाकर गुनगुना उठा। कुमार विश्वास के गीतों का खुमार ऐसा था कि युवाओं को संभालना मुश्किल हो रहा था। हालांकि कुमार विश्वास ने हुए पैदा की धरती पर आबाद हंगामा, जवानी को हमारी कर गया बर्बाद हंगामा, हमारे हाल पर तकदीर ने यह लिख दिया जैसे हमारे सामने है हमारे बाद हंगामा...सुनाकर युवाओं को जोश से भर दिया। उन्होंने मावस की काली रातों में..., इस अधूरी जवानी का क्या फायदा, बहुत बिखरा बहुत टूटा थपेड़े सह नहीं पाया..., जख्म भर जाएंगे तुम मिलो तो सही, दिल संवर जाएंगे तुम मिलो तो सही...सहित कई कविताओं को सुनाया। उन्होंने युवाओं से अपील भी कि आप देश की प्रगति में सहायक बनें।

आज

वाराणसी, १६ नवम्बर २०१९

# देशभरमें अपनी प्रतिभाका लोहा मनवा रहे एसएमएस के छात्र-सुरेश राणा

## स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज के रजत जयंती समारोह में २२ संस्थानों ने की भागीदारी

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने स्कूल आफ मैनेजमेंट साइन्सेज एसएमएस न केवल रोजगार परक शिक्षा देने अपितु सफल उद्यमी बनकर असंख्य लोगों को रोजगार मुहैया कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एसएमएस के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को



आयोजित रहत जयंती समारोह आधारशिला में श्री राणा बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान के गौरवशाली २५ वर्ष पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहाकि बहुत से प्रतिभावान हस्ती, जो पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, वो एसएमएस के ही छात्र रहे है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहाकि निश्चित ही एक दिन एसएमएस देश के सबसे अग्रणी मैनेजमेंट संस्थानों में से एक होगा। साथ ही भारत को विश्वगुरू पथ पर ले जाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मंत्री ने छात्रों को राष्ट्रभक्ति की भी घूटी पिलायी। उन्होंने शहीद भगत सिंह तथा रामप्रसाद बिस्मिल के जीवन दश्रन से सीख लेने का छात्रों का आह्वान किया। उन्होंने प्रबंधन शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहाकि प्रबन्धन की सीख प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेन्द्र मोदी से लेनी चाहिए। अध्यक्षीय सम्बोधन में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने कहाकि पूर्वांचल में उत्कृष्ट रोजगार परक शिक्षा नहीं मिल सकती इस मानसिकता को एसएमएस ने बदला। उन्होंने नवीन तकनीक सिखने और उसे अपने दैनिक जीवन में अपाने का छात्रों का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि काशी विद्यापीठ के वाइसचांसलर प्रोफेसर टीएन सिंह ने कहाकि चूंकि संस्थान के कई पाठ्यक्रम काशी विद्यापीठ से संबद्ध है अतएव वह भावनात्मक रूप से भी इस संस्थान से जुड़े हुए है। सीमित संसाधनों के बावजूद एसएमएस ने सफलता के जिस मुकाम को स्पर्श किया है, वह अन्य सभी संस्थानों के लिये अनुकरणीय है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि विधायक रोहनिया सुरेन्द्र नारायण सिंह ने संस्थान के २५ वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अच्छे विद्यार्थी के साथ अच्छा नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। स्वागत करते हुये संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पीएन झा ने कहाकि संस्थान के २५ गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने का ये क्षण ऐतिहासिक है तथा एसएमएस परिवार के लिये एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने संस्थान से जुड़े समस्त साझेदारों को धन्यवाद प्रदान करते हुये कहाकि उन्हीं की शुभकामनाओं एवं आर्शीवाद द्वारा एसएमएस ने राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनायी है। प्रोफेसर झा ने संस्थान के संस्थापक निदेशक स्वर्गीय प्रोफेसर मुकुन्द लालजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहाकि प्रोफेसर उनकी दूर दृष्टि और दृढ़ आत्मविश्वास ने इस संस्थान को एक अलग पहचान दी है। इस अवसर पर काशी विद्यापीठ के वाइसचांसलर प्रोफेसर टीएन सिंह ने विश्वविद्यालयीय के शीर्ष दस सूची में स्थान पाने वाले एसएमएस के छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही एसएमएस के निदेशक को बधाई दी। बीकाम- आदित्य राज सिंह प्रथम स्थान, बीबीए- आकांक्षा पटेल द्वितीय स्थान, खुशबू यादव चतुर्थ स्थ[ान] दिव्या उपाध्याय पांचवा स्थ[ान] हर्षिता बंका दसवां, बीसी[ए] विशाल गुप्त द्वितीय स्थान, अंज[लि] श्रीवास्तव छटा स्थान, आकां[क्षा] श्रीवास्तव सातवां स्थान, आशुत[ोष] कुमार मिश्र आठवां स्थान सम्मानि[त] छात्रों में शामिल हैं। उद्घाटन स[त्र] का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञाप[न] आधारशीला की समन्वयक डाक्ट[र] पल्लवी पाठक सहायक प्रोफेसर [ने] किया। कार्यक्रम के अंत [में] एसएमएस सोसाइटी के अधिशासी सचिव, डाक्ट[र] एमपी सिंह ने अतिथिय[ों] को दुशाला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र [में] विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम युक्त अन्तर्महाविद्यालीय प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें एकल गायन, एकल नृत्य, बिजनेस क्विज, अन्त्याक्षरी, पोस्टर एण्ड ऐड मेकिंग, कृत्रिम संसद प्रतियोगिता एवं रंगोली के आयोजन प्रमुख रहे। प्रतियोगिता में वाराणसी एवं अन्य जिलों से २० से अधिक संस्थाओं ने सहभागिता की। इस वर्ष भी एसएमएस प्रबन्ध समिति ने संस्थान में अनवरत २०, १५ एवं १० वर्षों से सेवायें प्रदान करने वालों को सम्मानित करने का निर्णय किया।

### रजत जयंती समारोह के मुख्य आकर्षण रहे डाक्टर कुमार विश्वास

एसएमएस के रजत जयंती समारोह के सायंकालीन सत्र के प्रमुख आकर्षण थे मशहूर कवि, कहानिकार, व्यंगकार तथा गीतकार डाकअर कुमार विश्वास। अपनी कविताओं तथा गीतों के माध्यम से कुमार ने वह समा बांधा कि दर्शक दीर्घा करतल ध्वनि से गुंजायमान होती रही। कुमार ने समसामयिक विषयों के साथ आज के छात्रों की मनोदशा को अपनी कविताओं तथा गीतों के माध्यम से सजाया संजोया। कुमार की ऐतिहासिक कविता कोइ दिवाना कहता है..., श्रोताओं के कंठो से बराबर गुंजरित होती रही। इसके साथ ही कुमार ने अपनी नवीन रचनाओं से भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में संस्था अधिशासी सचिव डाक्टर एमपी सिंह, चेयरमैन श्री एसके सिंह रजिस्ट्रार श्री संजय गुप्त; निदेशक प्रोफेसर पीएन झा उपस्थित थे।

अमर उजाला

शनिवार, 16 नवंबर 2019

# प्रधानमंत्री से प्रबंधन सीखें छात्र

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने छात्रों से किया आह्वान

संवाद न्यूज एजेंसी

**रजत जयंती समारोह**

रोहनिया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की ओर से रजत जयंती समारोह आधारशिला शुक्रवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि छात्रों को राष्ट्रभक्ति का पाठ शहीद भगत सिंह और राम प्रसाद बिस्मिल के जीवन से सीखें। प्रबंधन सीखना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीखना चाहिए। उन्होंने जिस तरह से देश निर्माण में प्रबंधन का सुनियोजित इस्तेमाल किया है वह अनुकरणीय है।

उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वह देश के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहें। सफल उद्यमी बनकर लोगों को रोजगार देकर देश के विकास को गति प्रदान करें।

विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री रविंद्र जासयवाल ने कहा कि एसएमएस ने देश के अनेक उद्योगपतियों को कौशल क्षमता से युक्त प्रबंधक दिए हैं। पूर्वांचल में उत्कृष्ट रोजगार परक शिक्षा नहीं मिल सकती, इस मानसिकता को बदलते हुए प्रबंधन एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में केवल डिग्री ही नहीं कौशल, योग्यता एवं क्षमता के विकास से ही भविष्य की चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। इस अवसर पर रोहनिया विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह ने छात्रों से अच्छे विद्यार्थी के साथ अच्छा नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी पाठक ने किया। अतिथियों को डॉ. एमपी सिंह ने सम्मानित किया।




समारोह में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा।

### टॉप टेन विद्यार्थी सम्मानित

विद्यापीठ के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले एसएमएस के छात्रों को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में आदित्य राज सिंह, आकांक्षा पटेल, खुशबू यादव, दिव्या उपाध्याय, हर्षिता बंका, विशाल गुप्ता, अंजली श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार मिश्रा शामिल रहे। एसएमएस की ओर से संस्थान को सेवा देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसमें 10 से 20 साल तक संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों को शामिल किया गया।



# तुम्हारे ख्वाब में आने क
# हसरत आज भी है पर...

## आधारशिला में कवि कुमार विश्वास ने सुन
## कविताएं तो युवाओं ने मिलाई आव

